## खबर संक्षेप




करनाल। स्कूल के बच्चें कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मे भाग लेते हुये।

### यूनिवर्सल स्कूल में जन्माष्टमी मनाई

**तरावड़ी।** यूनिवर्सल स्कूल तरावड़ी के प्रांगण में बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को बहुत ही धूमधाम से मनाया जिसमें विद्यालय के बच्चों ने कृष्णा जी व राधा जी की अनेकों लीलाओं को स्टेज प्रैफोरमैंस द्वारा प्रस्तुत किया जिसमें मुख्य रूप से श्री कृष्ण व यशोदा मईया का मनमोहक संवाद राधिका गौरी से बृज की छौरी से मईया करइदे मेरो ब्याह,माखन चोरी एक्ट व कृष्णा जी का बाल गोपाल संग क्रिडा रुप सभी को मंत्रमुग्ध कर गया। विद्यालय की प्रिंसिपल गीतांजली पसरीचा ने सभी बच्चों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 को लेकर नगर निगम ने शुरू कर दी तैयारी, आयुक्त ने ली बैठक

## आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सफाई दरोगाओं को 'मेरी बीट-मेरी पहचान' का मंत्र दिया

नगर निगम आयुक्त ने कहा कि शत प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण सुनिश्चित किया जाए और प्रमुख मार्गों पर विशेष सफाई हो। बीट में कहीं भी पुराना कचरा न रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

बीते स्वच्छ सर्वेक्षण में शानदार उपलब्धि हासिल करने के बाद नगर निगम करनाल ने अब स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में बेहतर स्थान प्राप्त करने के लिए तैयारी तेज कर दी है। गुरुवार को निगम कार्यालय के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सफाई दरौगाओं को 'मेरी बीट-मेरी पहचान' का मंत्र देते हुए अपनी-अपनी बीट को सर्वोत्तम बनाने का आह्वान किया। बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा, सफाई निरीक्षक, अतिरिक्त सफाई निरीक्षक, सिटी टीम लीडर व स्वच्छ भारत मिशन-शहरी टीम के सदस्य मौजूद रहे।

निगमायुक्त ने कहा कि इस बार का स्वच्छ सर्वेक्षण राज्य और राष्ट्रीय, दोनों स्तर पर होगा। करनाल को शीर्ष पायदान पर पहुंचाने के लिए दरौगाओं को बीट में किसी भी प्रकार की सफाई संबंधी कमी नहीं छोड़नी होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि शत प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण सुनिश्चित किया जाए और प्रमुख मार्गों पर विशेष सफाई हो। बीट में कहीं भी पुराना कचरा न रहे।

उन्होंने बताया कि बीट मूल्यांकन के लिए पैरामीटर्स तय किए जा रहे हैं। रोजाना जोन इंचार्ज दौरा करेंगे और उच्च अधिकारी औचक निरीक्षण करेंगे। मासिक रिपोर्ट इन्हीं के आधार पर बनेगी। सर्वश्रेष्ठ बीट के दरौगा को सम्मानित किया जाएगा और पिछड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। डॉ. शर्मा ने 'हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान' के अंतर्गत सभी क्षेत्रों में गीले व सूखे कचरे को अलग करने, सिंगल यूज प्लास्टिक का त्याग करने और जन-जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।



### दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस उत्सव मनाया

**करनाल।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, दयाल सिंह कॉलोनी में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। हिमालय सदन के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम और लघु नाटक प्रस्तुत किए। प्राचार्या सुषमा देवगन और मुख्य अध्यापिका प्रिया कपूर ने विद्यार्थियों को देश के प्रति निष्ठावान और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया।

■ विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत सांस्कृतिक कार्यक्रम और लघु नाटक प्रस्तुत किए

एनसीसी सेकंड ऑफिसर डॉ. केवल कृष्ण ने स्वास्थ्य और देशभक्ति के महत्व पर बल देते हुए बच्चों को जंक फूड से बचने की सलाह दी। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया और एनसीसी कैडेट्स को ए सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

# गीता मार्डन स्कूल में जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

■ प्रधानाचार्य रागिनी राय और प्रबंधक बाल कृष्ण त्रिपाठी ने छात्रों को संबोधित किया

गीता मार्डन स्कूल मे जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रागिनी राय और प्रबंधक बाल कृष्ण त्रिपाठी ने छात्रों को संबोधित किया। प्रधानाचार्य रागिनी राय ने अपने संबोधन में कहा कि जन्माष्टमी का त्योहार हमें भगवान कृष्ण के जीवन और उनके आदर्शों की याद दिलाता है, जो हमें सत्य, न्याय और करुणा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे भगवान कृष्ण की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाएं और एक आदर्श नागरिक बनने का प्रयास करें।

प्रबंधक बाल कृष्ण त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि जन्माष्टमी का त्योहार हमें हमारी सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक मूल्यों की याद दिलाता है, जो हमें एकता और सौहार्द के साथ रहने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करें और इसके मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएं। कार्यक्रम में छात्रों ने भगवान कृष्ण के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर आधारित विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिनमें नृत्य, संगीत और चित्रकला प्रतियोगिताएं शामिल थीं। छात्रों ने भगवान कृष्ण के जीवन और उनकी शिक्षाओं के बारे में भी जाना और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य और प्रबंधक ने छात्रों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं और उन्हें भगवान कृष्ण के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया।

# हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के तहत कोढ़ी कॉलोनी में किया ध्वजारोहण

■ डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि स्वच्छता को लेकर करनाल को तीसरा स्थान मिला है, इसे बनाए रखने में हर नागरिक को जिम्मेदार भूमिका निभानी होगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम करनाल द्वारा 'हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता' अभियान के तहत स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कोढ़ी कॉलोनी में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर रेनू बाला गुप्ता, नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा और स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया। महापौर रेनू बाला गुप्ता ने राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा बनाए रखने और हर घर में तिरंगा फहराने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता ईश्वर का निवास है, इसलिए नागरिक अपने क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखें। डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि स्वच्छता को लेकर करनाल को तीसरा स्थान मिला है, इसे बनाए रखने में हर नागरिक को जिम्मेदार भूमिका निभानी होगी। उन्होंने तिरंगा संग्रह केंद्र का उपयोग करने और ध्वज का सम्मान बनाए रखने की अपील की।सुभाष चंद्र ने स्वच्छता को राष्ट्रीय आंदोलन बनाने का आह्वान किया और नागरिकों की सहभागिता को सफलता की कुंजी बताया। कार्यक्रम में कपड़े के थैले वितरित किए गए और स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में वार्ड 5 के पार्षद सुभाष चंद, पार्षद प्रतिनिधि सुभाष कोच व सोनू, अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा, सफाई निरीक्षक ऊषा रानी, मनदीप सिंह, संदीप कुमार, सहायक सफाई निरीक्षक प्रवेश कुमार, गुलाब, सहायक मनोज मान, लिपिक अंकित, ट्रीगर मास्टर गुरदेव सिंह, मोटीवेटर दीपमाला, कुलदीप, महेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान यादगिरी पासी और कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

**खोराखेड़ी व बड़ौता में जागरूकता शिविर का आयोजन:** करनाल। जिला व सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में 'सम्मान से जीवन, अधिकार से रक्षा' अभियान के तहत गुरुवार को राजकीय वमावि खोराखेड़ी और कन्हैया पब्लिक स्कूल बड़ौता में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि जिले के विभिन्न स्थानों पर हैल्प डेस्क और शिविरों के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, नशा मुक्ति और कानूनी सहायता संबंधी जानकारी दी जा रही है।

### सीजेएम ने प्लेस ऑफ सेफ्टी और श्रद्धानंद आश्रम का किया निरीक्षण

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने प्लेस ऑफ सेफ्टी और श्रद्धानंद बाल आश्रम का दौरा किया। डॉ. हसन ने ज्यूविनायलों से बातचीत कर उन्हें मुफ्त कानूनी सेवाओं की जानकारी दी और उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। श्रद्धानंद बाल आश्रम में बच्चों के आधार कार्ड अपडेट कराने संबंधी निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक अजय कुमार उपस्थित रहे।




# स्वतंत्रता दिवस समारोह नई अनाज मंडी में होगा, डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा फहराएंगे तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

■ समारोह में स्कूली बच्चे सामूहिक मास पीटी का प्रदर्शन करेंगे।

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि 15 अगस्त को 79वां स्वतंत्रता दिवस जिला मुख्यालय पर नई अनाज मंडी में भव्य व शानदार तरीके से मनाया जाएगा। हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा समारोह के मुख्य अतिथि होंगे, जो राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ परेड का निरीक्षण करेंगे।

समारोह से पूर्व डॉ. मिड्ढा कर्ण पार्क के निकट जिला सैनिक बोर्ड कार्यालय परिसर स्थित वॉर मेमोरियल पर अमर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि देंगे। डीसी ने बताया कि समारोह की गरिमा को ध्यान में रखते हुए मंच सज्जा, स्वच्छ पेयजल, शौचालय और बैठने की व्यवस्था पूरी कर ली गई है।

समारोह में स्कूली बच्चे सामूहिक मास पीटी का प्रदर्शन करेंगे। उपायुक्त ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में समारोह में शामिल होकर राष्ट्रीय पर्व की शोभा बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि उपमंडल स्तर पर भी स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह से मनाया जाएगा।







# बुद्धा कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए एसआईपी ओरिएंटेशन प्रोग्राम हुआ



**करनाल।** बुद्धा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रम्बा में डी.एल.एड. विद्यार्थियों के लिए चार सप्ताह के स्कूल इंटर्नशिप प्रोग्राम (SIP) को लेकर विस्तृत ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में मिनर्वा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, आर्य कन्या गुरुकुल कॉलेज ऑफ एजुकेशन (मोर माजरा) और डॉ. रघुवीर कॉलेज ऑफ एजुकेशन के शिक्षक-प्रशिक्षक एवं विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बुद्धा कॉलेज की प्राध्यापिका सुश्री प्रीति कौशल ने की, जिन्होंने की संपूर्ण रूपरेखा प्रस्तुत की और विद्यार्थियों को आगामी चार सप्ताह के दौरान अपनाई जाने वाली पद्धति के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

मिनर्वा कॉलेज की प्राध्यापिका डॉ. गीता शर्मा ने स्कूल इंटर्नशिप के उद्देश्यों, योजनाओं एवं कार्यप्रणाली पर विचार रखे, वहीं डॉ. रघुवीर कॉलेज के प्राध्यापक श्री बलविंदर सिंह ने स्कूल अवलोकन की विधियों व व्यवहारिक पक्ष पर मार्गदर्शन दिया। बुद्धा कॉलेज की प्राध्यापिका सुश्री मुकेश रानी ने बच्चों के शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य से संबंधित प्रायोगिक फाइल तैयार करने की जानकारी विद्यार्थियों को दी।






# आईबी कॉलेज में भव्य तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज में एनएसएस एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में तिरंगा रैली का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 100 स्वयंसेवकों और एनसीसी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली का शुभारंभ कॉलेज की प्रबंध समिति के महासचिव एलएन मिगलानी, उप-प्रधान, आईबीएल सोसाइटी परमवीर ढींगरा, सचिव रवि गोसाई, मैनेजर आईबी (एल) पब्लिक स्कूल युधिष्ठिर मिगलानी, सदस्य राजेश नागपाल और कॉलेज प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया। यह रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर लाल बत्ती चौक से गुजरती हुई इंसार बाजार तक निकाली गई। एल. एन मिगलानी जी ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन बढ़ाते हुए कहा कि जिन वीरों ने हमारे देश के लिए अपने तन मन धन से सेवा की और देश



आईबी पीजी कॉलेज में तिरंगा यात्रा निकालते हुए टीचर्स व स्टूडेंट्स।

की सेवा करते-करते अमर हो गए उनको नमन करने के लिए यह तिरंगा रैली अभियान शुरू किया गया है । किस तरह से हमारे शहीदों ने आजादी के लिए संघर्ष किया यह भी बतलाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में शहीदों की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित की गई। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि तिरंगा हमारी पहचान, गौरव और बलिदान का प्रतीक है, और इसे सदैव उंचा रखने का संकल्प हर भारतीय को लेना चाहिए। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लिए वंदे मातरम्, भारत माता की जय और जय हिंद के नारे लगाए। रास्ते में स्थानीय नागरिकों ने तिरंगे लहराकर रैली का स्वागत किया। महाविद्यालय परिसर में रैली का समापन राष्ट्रगान और सामूहिक संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी ने देश की एकता और अखंडता की रक्षा का प्रण लिया। इस रैली के दौरान डॉ किरण मदान, डॉ. सुनित शर्मा, डॉ. नीलम, डॉ. निधान सिंह, खुशबू, डॉ. नरवीर, अश्विनी गुप्ता, डॉ. नीतू मनोचा और कुलदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। आर्य कॉलेज में तिरंगा यात्रा निकालते हुए टीचर्स व स्टूडेंट्स। फोटो :भूमि

## हरी झंडी दिखा कर यात्रा का शुभारंभ किया

**पानीपत।** स्तंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आर्य कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा एक भव्य तिंरगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा कॉलेज परिसर से आरंभ हो कर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से होती हुई पुन कॉलेज प्रांगण मे संपन हुई। यात्रा के दौरान पूरा वातावरण जय हिंद और वंदे मातरम के नारों से गुंजाएमान रहा। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता तथा उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने हरी झंडी दिखा कर इस यात्रा का शुभारंभ किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि आर्य कॉलेज की यह पहल निश्चित रूप से समाज में देशभक्ति का संदेश देने वाली रही और स्वतंत्रता दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाने की दिशा में एक प्रेरणा दायक कदम साबित हुई। एनएसएस इकाई की प्रभारी डॉ. मनीषा डूडेजा ने बताया कि इस यात्रा में सौ स्वयंसेवकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्राध्यापिका आस्था ने गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं में देश भक्ति की भावना को जागृत करते हैं और उन्हें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति सजग बनाते हैं। इस तिरंगा यात्रा में डॉ. सोनिया सोनी, मानिक गुप्ता, प्राध्यापक सुनील कुमार समेत कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे और यात्रा के दौरान स्वयंसेवकों का उत्साह वर्धन किया।

# पौधे रोपकर दिया नशे की लत के खिलाफ संदेश


पानीपत। राजकीय कॉलेज में पौधे रोपते हुए ग्रीनमैन प्रो . दलजीत कुमार, आदि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय, पानीपत में ईको क्लब, रेडरीबन क्लब और रेड क्रॉस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण और नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया और सभी को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन ग्रीनमैन प्रो. दलजीत कुमार ने व अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ सुभाष चन्द्र जागलान ने कहा इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारत शर्मा चेयरमैन, हरियाणा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद, भारत सरकार रहे वहां विशिष्ट अतिथि अफसर रावल वाइस चेयरमैन, हरियाणा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद, भारत सरकार; डॉ. ललित वर्मा चीफ मेडिकल ऑफिसर, सिविल अस्पताल, पानीपत ने विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत अभियान को जन जन पहुंचाने का आह्वान किया। डॉ ललित वर्मा ने स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नशा न केवल शरीर को कमजोर करता है बल्कि मानसिक और सामाजिक जीवन को भी बुरी तरह प्रभावित करता है।

उन्होंने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और खेल, योग एवं व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करने का आग्रह किया।









